# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–16 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश विधानमण्डल का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया और सरकार विरोधी नारे लगाये। ग्यारह बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुयी विपक्ष के विधायकों ने सम्भल और बहराइच के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा चर्चा से मना किये जाने पर विपक्षी सदस्य वेल में आ गये और सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष ने दोपहर बारह बजकर बीस मिनट पर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुयी तो सपा के विधायकों ने एक बार फिर सम्भल और बहराइच हिंसा के मामले को उठाया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष दो हजार सत्रह से लेकर अब तक प्रदेश में साम्प्रदायिक दंगों में सत्तानबे से निन्यानबे फीसदी तक की कमी आयी है। दो हजार सत्रह से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं जबकि दो हजार बारह से दो हजार सत्रह तक समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में राज्य में आठ सौ पन्द्रह साम्प्रदायिक दंगे हुए थे।

उन्होंने कहा कि बहराइच और सम्भल की घटना में प्रशासन की कार्रवाई न्यायसंगत तरीके से बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है, उसी का परिणाम है कि चालीस लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए हैं। सम्भल के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्भल में न्यायालय के आदेश पर सर्वे हो रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही कहा है हम न्यायिक आयोग बनायेंगे और सदन में जब उसकी रिपोर्ट आयेगी तब दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। अपनी बात रखने के दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के विधायकों को नसीहत दी कि उन्हें बाबा साहेब आम्बेडकर के मूल संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ना चाहिए। है। 20 दिसंबर तक चलने वाले विधानमण्डल के शीतकालीन सत्र में कल अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

**********

सम्भल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुंए के करीब बीस फुट तक खुदाई की गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चन्द्र ने आज बताया कि खुदाई के दौरान कुंए में मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय जी की खण्डित मूर्तियां मिली हैं। जिला प्रशासन अब कुंए कि खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को देने की तैयारी में है।

**********

उन्नीस सौ 71 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्नीस सौ 71 में इसी दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान का उदय बांग्लादेश के रूप में हुआ। विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नीस सौ 71 के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजय दिवस को मनुष्यता की जीत बताया है।

**********

पद्म विभूषण से सम्मानित विश्व विख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन का कल रात अमेरिका में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं के कारण सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संगीत के क्षेत्र में अपने छह दशकों के करियर में, जाकिर हुसैन ने विश्व स्तर पर पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते थे, जिनमें से तीन इस साल की शुरुआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में जीते। जाकिर हुसैन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त करते हुए इसे संगीत जगत की अपूरणीय क्षति बताया है।

**********

प्रदेश में बिजली बिल के बकायादारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो गई है। यह योजना तीन चरणों में चलेगी। समाधान योजना का पहला चरण 31 दिसम्बर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण एक जनवरी से 15 जनवरी और तीसरा तथा अंतिम चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक जारी रहेगा। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर लगे सरचार्ज पर छूट मिलेगी और बकाया बिल का भुगतान आसान किस्तों में करने का विकल्प भी मिलेगा।

**********

कुशीनगर जिले में शीतलहर को देखते हुए असहाय और निर्धन लोगों के लिए सभी नगर निकायों में 13 स्थानों पर निःशुल्क रैन बसेरों की स्थापना की गयी है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि इन रैन बसेरों में बिस्तर, कम्बल, पेयजल, मेडिकल किट सहित महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग शौचालय की व्यवस्था की गयी है।

**********